मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–मार्च, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 14 फरवरी,2000 (माघ 25,1921)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1991 (क्रमांक 23 सन् 1991) की धारा 17 की अपेक्षानुसार गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (मध्यप्रदेश) का आवासीय संपरीक्षा प्रतिवेदन भाग-एक वर्ष 1997-98 एवं अंकेक्षण पालन प्रतिवेदन पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री नित्य निरंजन खम्परिया, सदस्य, जबलपुर जिला स्थित बरगी बांध के समीप ब्लास्टिंग से बांध को क्षति होने की ओर नर्मदा घाटी विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री हरीशंकर जायसवाल, सदस्य, होशंगाबाद जिले की तवा नहर में कृषकों के लगे सिंचाई संयंत्रों को क्षति पहुंचाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 2000-2001 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा.

भोपाल :
दिनांक : 13 फरवरी, 2000

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा